बना के दासी बसा लो

बनाके दासी बसा लो मुझे बरसाने में,
हे राधे ! तुम बिन कौन मेरा इस जमाने मे....

मैं आपसे इतना चाहूं कि आपको चाहूं,
करूँ तम्मना किसी ओर की तो मर जाऊं ।
तमाम उम्र कटे आपको रिझाने में..,
हे राधे ! तुम बिन कौन मेरा इस जमाने मे....

मेरी जुबां पर नाम हर पल आपका ही रहे,
तुम्हारी याद में तड़पकर मेरे नैना बहे ।
सुकून मिलता रहे राधे-राधे गाने में..,
हे राधे ! तुम बिन कौन मेरा इस जमाने मे....

मेरी नज़र को बस तुम्हारा ही नजारा मिले,
तुम्हारे द्वार के टुकड़ों से मेरा गुज़ारा चले ।
रमण हमेशा करो दिल के आशियाने में..,
हे राधे ! तुम बिन कौन मेरा इस जमाने मे....

कृपा करो, कृपा करो, राधा रानी कृपा करो...
कृपा करो, कृपा करो, राधा रानी कृपा करो........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25515/title/bana-ke-dasi-basa-lo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |